हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 24 मई 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


# शुभम के मार्ट मैक्स
शॉपिंग करो खुलके,पैसे बचाओ जमके!

## भव्य शुभारंभ

BM फ्यूल्स के बाजू में
**पोटिया रोड, दुर्ग**

24 मई, रविवार 2026 | प्रातः 10 बजे से

MAXIMUM DISCOUNT | MAXIMUM SAVING | MAXIMUM VARIETY

Value Fashion by NEO MO

MENS, WOMEN'S, KIDS, INFANT
HOME FURNISHING & DECOR

OPENING SPECIAL ₹69/- HOSIERY TOP (WOMEN'S & KIDS)
Tiny Trends for Newborns

## ग्रॉसरी (किराना)

| उत्पाद | मात्रा | शुभम मूल्य | MRP |
|---|---|---|---|
| लूज़ चीनी (शक्कर) | 1 KG | ₹45 | |
| टाटा नमक | 1 KG | ₹26 | |
| लूज़ चना दाल | 1 KG | ₹70 | |
| तुअर दाल (लातूर) | 1 KG | ₹112 | |
| शुभ आटा | 5 KG | ₹174 | ₹260 |
| शुभम केसर मलाई चावल | 1 KG | ₹60 | |
| मैदा / बेसन | 1 KG | ₹30 / ₹65 | |
| हरेली राइस ब्रान तेल | 730 GM | ₹129 | |
| एबिस सोया तेल | 800 GM | ₹139 | |
| वचन देसी घी | 1 LTR | ₹699 | ₹799 |
| काजू W400 | 500 GM | ₹479 | ₹700 |
| बादाम | 500 GM | ₹449 | ₹550 |
| किशमिश | 500 GM | ₹245 | ₹450 |
| आशीर्वाद चक्की आटा | 5 KG | ₹229 | ₹263 |

## डेली नीड्स

| उत्पाद | मात्रा | शुभम मूल्य | MRP |
|---|---|---|---|
| अमूल ताज़ा फ्रेश मिल्क | 1 LTR | ₹69 | ₹77 |
| बुक बॉन्ड रेड लेबल | 1 KG | ₹359 | ₹520 |
| टाटा टी अग्नि | 1 KG | ₹165 | ₹200 |
| नेस्केफे कॉफ़ी | 200 GM | ₹599 | ₹910 |
| पार्ले क्रैकजैक | 705.6 GM | ₹87 | ₹135 |
| पार्ले जी गोल्ड | 2 KG | ₹199 | ₹320 |
| कुकी बाइट नारियल बिस्कुट | 1KG | ₹99 | ₹200 |
| पार्ले जी ग्लूको बिस्कुट | 800 GM | ₹69 | ₹100 |
| पार्ले मोनाको क्लासिक | 696 GM | ₹90 | ₹135 |
| ब्रिटानिया न्यूट्री चॉइस | 960 GM | ₹119 | ₹198 |
| ब्रिटानिया गुड डे काजू कुकीज़ | 526 GM | BUY 1 GET 1 FREE | ₹120 |
| हल्दीराम भुजिया सेव | 1 KG | ₹219 | ₹275 |
| आकाश पंजीरी लड्डू | 400 GM | ₹49 | ₹225 |
| कोल्डड्रिंक | 1.8LTR/2.25 LTR | ₹70 / ₹69 | ₹120 / ₹120 |
| किसान फ्रेश टोमैटो केचप | 1.1 KG | ₹90 | ₹140 |
| किसान मिक्स्ड फ्रूट जैम | 1 KG | ₹200 | ₹300 |
| वीटा क्रंच चॉकोफ्लेक्स | 1.1 KG | ₹199 | ₹459 |
| मैगी 2 मिनट नूडल्स | 560 GM | ₹87 | ₹116 |
| क्लोजअप रेड हॉट टूथपेस्ट | 150*2 N (300GM) | BUY 1 GET 1 FREE | ₹330 |
| पीयर्स प्योर & जेंटल सोप | 125 GM*5 | ₹265 | ₹379 |
| डव सोप | 125 GM*5 | ₹299 | ₹495 |
| सनसिल्क ब्लैक/पिंक शाइन | 650 ML | BUY 1 GET 1 FREE | ₹840 |
| डव हेयर फॉल रेस्क्यू/इंटेंस रिपेयर | 650 ML | BUY 1 GET 1 FREE | ₹970 |
| पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड नारियल तेल | 600 ML | BUY 1 GET 1 FREE | ₹630 |
| विम लेमन डिशवॉश जेल | 2 LTR | ₹285 | ₹435 |
| फेना रोज़ और जैस्मीन | 5 KG | ₹369 | ₹450 |
| एवर फ्रेश व्हाइट फिनाइल | 5 LTR | ₹99 | ₹295 |
| हार्पिक टॉयलेट क्लीनर | 1000 ml *2 | ₹390 | ₹490 |
| सर्फ एक्सेल फ्रंट लोड | 6 LTR | ₹699 | ₹1095 |
| सर्फ एक्सेल टॉप लोड | 6 LTR | ₹599 | ₹950 |
| घड़ी पाउडर | 3KG | ₹175 | ₹199 |
| मैमी पोको पैंट्स | S56/ M46/ L40/ XL 34 | ₹359 | ₹562 |

## जनरल मर्चेंडाइज

| उत्पाद | शुभम मूल्य | MRP |
|---|---|---|
| सफारी 55/66/76 4W. (SET OF-3) | ₹5799 | ₹24000 |
| हैवेल्स इंडक्शन कुकर (इंफ्रारेड ऑल पॉट) | ₹3749 | ₹5895 |
| स्कूल बैग | ₹299 से शुरू | |

## NEOMO फ़ैशन डील्स!

| उत्पाद | कीमत |
|---|---|
| KIDS BOYS CORD SET | STARTING@ ₹249 |
| KIDS GIRLS CORD SET | STARTING@ ₹249 |
| MENS T-SHIRT | STARTING@ ₹99 |
| CORD SET | STARTING@ ₹299 |
| MENS SHIRT | STARTING@ ₹299 |
| MENS TROUSER | STARTING@ ₹399 |
| HEAVY SAREE | STARTING@ ₹399 |
| LINEN SAREE | BUY 1 GET 1 FREE ₹499 |
| VISHAL SAREE | STARTING@ ₹599 |
| MENS TROUSER | BUY 1 GET 1 FREE ₹1199 |
| WELLGREEN PILLOW | STARTING@ ₹ 199 |
| COMFORTER DOUBLE BED | STARTING@ ₹299 |

*नियम एवं शर्तें लागू: ऑफर स्टॉक रहने तक | दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है |

कम से कम 10%* छूट + एक्स्ट्रा# डिस्काउंट MRP पर 365 दिन

कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110

नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक।
दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं |
सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

• छत्तीसगढ़ • राजस्थान • गुजरात • ओडिशा

FOLLOW US ON: shubhamkmartoffical | shubham K Mart | @shubhamkmart2926







# बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सही स्कूल का चयन



शिक्षा मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। एक शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाता है, बल्कि समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। बच्चों के जीवन की पहली और सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी स्कूल होता है। यही वह स्थान है जहाँ बच्चे पढ़ना-लिखना सीखते हैं, अच्छे संस्कार प्राप्त करते हैं, अनुशासन समझते हैं और अपने व्यक्तित्व का विकास करते हैं।

आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार के स्कूल उपलब्ध हैं – सरकारी स्कूल, निजी स्कूल, अंग्रेजी माध्यम स्कूल, संस्कार आधारित स्कूल और आधुनिक सुविधाओं वाले स्कूल। ऐसे में माता-पिता के सामने सबसे बड़ा प्रश्न होता है कि बच्चों को किस स्कूल में प्रवेश दिलाया जाए। केवल बड़े भवन, चमक-दमक या अधिक फीस देखकर स्कूल का चयन नहीं करना चाहिए। स्कूल ऐसा होना चाहिए जहाँ बच्चे को अच्छी शिक्षा, सुरक्षित वातावरण, नैतिक संस्कार और मानसिक विकास का अवसर मिले। स्कूल में प्रवेश कराना केवल औपचारिकता नहीं बल्कि बच्चे के भविष्य का महत्वपूर्ण निर्णय होता है। इसलिए एडमिशन के समय पालकों, शिक्षकों और बच्चों सभी को कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## बच्चों को किस स्कूल में एडमिशन कराना चाहिए?

**अच्छी शिक्षा देने वाला स्कूल**

बच्चों को ऐसे स्कूल में प्रवेश दिलाना चाहिए जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती हो।

स्कूल में पढ़ाई नियमित और व्यवस्थित होनी चाहिए।

केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि बच्चों को ज्ञान, समझ और व्यवहारिक शिक्षा भी मिलनी चाहिए।

स्कूल में योग्य, प्रशिक्षित और अनुभवी शिक्षक होने चाहिए जो बच्चों को सरल और प्रभावी तरीके से पढ़ा सकें।

## अनुशासन और संस्कार सिखाने वाला स्कूल

अच्छा स्कूल वही होता है जहाँ शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अच्छे संस्कार भी दिए जाएँ।

बच्चों को बड़ों का सम्मान करना, समय का महत्व समझना, स्वच्छता बनाए रखना और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना सिखाया जाना चाहिए।

अनुशासन बच्चों के जीवन को सफल बनाता है।

**सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण वाला स्कूल**

स्कूल का वातावरण स्वच्छ, शांत और सुरक्षित होना चाहिए।

स्कूल परिसर में साफ पानी, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त रोशनी और हवा की व्यवस्था होनी चाहिए।

छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

स्कूल में प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) और आपातकालीन सुविधाएँ उपलब्ध होनी चाहिए।

## खेल और अन्य गतिविधियों की सुविधा

केवल पढ़ाई ही बच्चों के विकास के लिए पर्याप्त नहीं होती। बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, संगीत, चित्रकला, नृत्य, योग और सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी आवश्यक हैं। ऐसे स्कूल का चयन करें जहाँ बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उसे आगे बढ़ाने का अवसर दिया जाए।

## बच्चों की रुचि के अनुसार स्कूल

हर बच्चे की सोच, समझ और रुचि अलग होती है। कुछ बच्चे खेलों में अच्छे होते हैं, कुछ पढ़ाई में और कुछ कला या संगीत में।

इसलिए ऐसा स्कूल चुनना चाहिए जहाँ बच्चे की रुचि और क्षमता को विकसित करने का अवसर मिले।

**स्कूल की दूरी और परिवहन सुविधा**

बहुत दूर स्थित स्कूल छोटे बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

स्कूल घर के पास हो तो बच्चे समय पर पहुँच सकते हैं और थकान भी कम होती है।

यदि स्कूल दूर हो तो परिवहन व्यवस्था सुरक्षित और विश्वसनीय होनी चाहिए।

स्कूल में एडमिशन कराते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**स्कूल की मान्यता और प्रतिष्ठा**

एडमिशन से पहले यह सुनिश्चित करें कि स्कूल सरकारी मान्यता प्राप्त हो।

स्कूल की शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा परिणाम और समाज में उसकी प्रतिष्ठा की जानकारी अवश्य लें।

पुराने विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी राय लेना उपयोगी होता है।

**फीस और आर्थिक स्थिति**

कई बार माता-पिता दूसरों को देखकर बहुत महंगे स्कूल में प्रवेश दिला देते हैं, जिससे बाद में आर्थिक कठिनाई होती है। इसलिए अपनी आय और खर्च को ध्यान में रखकर ही स्कूल का चयन करना चाहिए। फीस के साथ-साथ किताबें, ड्रेस, परिवहन और अन्य खर्चों की जानकारी भी पहले लेनी चाहिए।



















न्यू ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### बीएसपी के मेनगेट के पास से चोरी, गिरफ्तार

**भिलाई।** भट्ठी थाना अंतर्गत बीएसपी के मेनगेट से बाइक चोरी करने वालों को पुलिस ने पकड़ा। 15 अप्रैल को ओटेबंद निवासी राहुल कुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 13 अप्रैल की मेनगेट के पास से उनकी बाइक सीजी 24 यू 0379 अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी प्रकाश ठाकुर एवं एक अपचारी बालक द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखा जाता था। इसी क्रम में चोरी की मोटर सायकिल को आरोपी शिवा यादव एवं गौरव कुमार द्वारा खरीदकर उपयोग किया जाना पाया गया। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी प्रकाश ठाकुर ने अपने एक अन्य अपचारी साथी के साथ मिलकर दो अलग-अलग मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी जामुल के रहने वाले हैं। उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में दुर्ग जिले में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ी है। इसे देखते हुए पुलिस ने अभियान चलाया है।

# मक्के की सड़क...1616 हेक्टेयर में हो रही खेती



देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

यह तस्वीर दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के गांव पचपेड़ी की है।यह पीली सड़क मक्के की है। मक्के की पैदावारी दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा पाटन के इस इलाके में होती है। फसल परिवर्तन का सबसे बड़ा उदारहण यहां के किसान पेश कर रहे हैं। औंधी, अवरी सहित आसपास का पूरा क्षेत्र हर साल रबी सीजन में मक्का लेता है और खरीफ सीजन में धान। मक्के की भरपूर पैदावारी के बाद उसे सुखाने की आवश्यकता होती है ताकि जब क्रशर मशीन में दाना बनने के लिए जाएं तो टूटन जल्दी हो। इसलिए खेत से ट्रैक्टरों में भरकर मक्के सड़कों के एक साइड से सुखाए जा रहे हैं। जिससे एक खूबसूरत नजारा और कई किलोमीटर लंबी पीली सड़क सी दिखाई दे रही है। खास बात यह है कि इस मक्के का उपयोग यहां के किसान व्यवसायिक रूप से करते हैं। किसानों ने बताया मक्के से पोल्ट्री दाने बनाते हैं। इस पूरे एरिया में बड़े-बड़े पोल्ट्री फार्मर हैं। इन फार्मरों को दाने उपलब्ध करवाने के लिए प्लांट भी स्थापित हो चुका है। इस प्लांट में पोल्ट्री दाने तैयार होते हैं जो सस्ता पड़ता है और क्वालिटी भी बेहतर होती है। आर्थिक बचत का भी मिसाल मक्का उत्पादक किसान पेश कर रहे हैं।




### दुर्ग जिले में मक्का का रकबा दुगुना

दुर्ग जिले में मक्के की फसल लेने किसानों का बड़ा रूझान मिला है। पिछले साल यानी वर्ष 2024- 25 में कुल 654.36 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मक्के की खेती की जा रही थी। इस साल वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 1616 हेक्टेयर क्षेत्रफल हो गया है। वर्ष 2024-25 में पाटन ब्लॉक में 332.83 हेक्टेयर, दुर्ग ब्लॉक में 152.12 हेक्टेयर और धमधा ब्लॉक में 169.41 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मक्के की फसल ली गई। वर्ष 2025-26 में पाटन ब्लॉक में 896 हेक्टेयर, दुर्ग ब्लॉक में 480 हेक्टेयर और धमधा ब्लॉक में 240 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मक्के की फसल ली गई।सबसे ज्यादा पैदावारी पाटन ब्लॉक में हो रही है। प्रति एकड़ यहां करीब 6 मीट्रिक टन मक्के की पैदावारी हो रही है।

### पैदावारी हो रही है बेहतर

किसान परंपरागत खेती से हटकर व्यवसायिक की तरफ भी रूख कर रहे हैं। इसका बड़ा उदारहण जिले में मक्के की खेती है। पिछले साल की अपेक्षा दुगुना रकबे में इस साल मक्के की पैदावारी ली गई है। पोल्ट्री के चारे के लिए यहां के मक्के का उपयोग किया जा रहा है।

**-संदीप कुमार भोई,** उप संचालक, कृषि

---

फॉरेक्स ट्रेडिंग है भारत में प्रतिबंध, मौके से कई संदिग्ध सामान भी मिले

# पुलिस को जांच में मिला नया एंगल, मृतक गोविंद के पास मिला दुबई का रेजिडेंशियल वीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

थाना मोहन नगर क्षेत्र की घटना

आर्य नगर दुर्ग में हुए आत्महत्या मामले में पुलिस को मौके से कई सामान मिले है। जिसमें रेजिडेंशियल वीजा शामिल है। साथ ही सुसाइडल नोट में रफ लिखने के बाद फेयर करने के भी दस्तावेज पुलिस को मिले है। चार लोगों के मौत से जिले में सनसनी फैल गई है। पुलिस वारदात की जांच कई एंगलों में कर रही है। जांच के बाद ही कई खुलासे हो सकते है। मिली जानकारी के मुताबिक जांच में मोहन नगर पुलिस को घटनास्थल आर्य नगर से यूएई दुबई का 6-6 माह का रेजिडेंशियल वीजा मिलने से जांच का दायरा और बढेगा। इसके अलावा गोविंद साहू फॉरेक्स ट्रेडिंग का काम करता था। जो भारत में कई जगहों पर इसे प्रतिबंध किया गया है। गोविंद यह कारोबार काफी दिनों से करता था, कई लोग को रकम भी इसके द्वारा लिए जाने की अह्म जानकारी भी पुलिस को मिली है। जिसकी जांच में टीम जुटी हुई है। आने वाले दिनों में पुलिस इससे जुड़े कई चौकाने खुलासा कर सकती है। मृतक गोविंद का परिवार आर्थिक रुप से कमजोर नहीं था। उसके दोनों बच्चे केपीएस में पढ़ाई करते थे। चारों के शव का शार्ट पीएम पुलिस को मिला है जिसमें गोविंद, चंचल ने फांसी लगाई और बच्चे दृष्णा साहू, यशांत साहू की मौत गला दबाने से होना पता चला है। फिलहाल पुलिस चारों के मौत को लेकर जांच किया जा रहा है।जांच के बाद ही कई चीजे स्पष्ट हो पाएगी।


फाइल फोटो

### पुलिस की जांच का दायरा बढ़ेगा

मृतक गोविंद साहू के मोबाइल 2025 के रेजिडेंशियल वीजा और फॉरेक्स ट्रेडिंग कारोबार का काम करना पुलिस के लिए जांच का दायरा बढ़ सकता है। इसके अलावा यह शेयर मार्केट भारत में प्रतिबंध होने के बाद गोविंद कैसे कारोबार से जुड़ा रहा। यूएई कारोबार के लिए जाता था होगा या फिर इसके ऊपर इससे जुड़े लोगों का रकम के लिए दबाव तो नहीं था। इन सब का जवाब पुलिस जांच के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। मौत के कई कारण अब संदिग्ध है। फॉरेक्स ट्रेडिंग का कारोबार में गोविंद के पास रकम लगाने वाले कितने लोग थे। उनकी भी जानकारी पुलिस जुटा रही है।मौके से कई दस्तावेज भी मिले है।

### फॉरेक्स ट्रेडिंग क्या है

बताया गया कि फॉरेक्स ट्रेडिंग का मतलब है एक मुद्रा खरीदना और दूसरी मुद्रा बेचना। लोग दो मुद्राओं के बीच मूल्य में उतार-चढ़ाव से लाभ कमाने के लिए ऐसा करते हैं। प्रत्येक व्यापार जोड़े में होता है। वैश्विक घटनाओं के कारण विभिन्न मुद्राओं की मांग और आपूर्ति में बदलाव आने पर कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है। गोविंद इस कारोबार को करता था। भारत में फॉरेक्स ट्रेडिंग कानूनी है, लेकिन केवल भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम द्वारा परिभाषित ढांचे के भीतर ही। कानूनी रूप से कारोबार करने के लिए नियमों का पालन करना होता है। कई जगह फॉरेक्स ट्रेडिंग प्रतिबंध है।

### पुलिस की जांच जारी है

चारों के शव का शार्ट पीएम पुलिस को मिल चुका है। पति पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। दोनों बच्चों की मौत गला घोटने से हुआ है। पुलिस हर एंगल से इसकी जांच कर रही है। जांच के बाद ही कई कारण स्पष्ट हो पाएगा।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

---

# ओपीडी के लिए देना होगा 10 रुपए का शुल्क, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए फ्री, लैब टेस्ट पर चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाईतीन में अब 1 जून से ओपीडी और लैब टेस्ट के लिए लोगों को शुल्क देने होंगे। साथ ही अस्पताल में वाटर एटीएम, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण सहित कई कार्य किए जाएंगे। यह निर्णय जीवन दीप समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

भिलाई-3 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जीवन दीप समिति की बैठक विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कुमार कठौतिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, आय के नए स्त्रोत तैयार करने और मरीजों को सुविधाएं बढ़ाने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए 10 रुपए शुल्क लिया जाएगा। हालांकि गर्भवती महिलाओं, 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और एक वर्ष तक के बच्चों को यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क मिलेगी। समिति का कहना है कि इस निर्णय से अस्पताल की व्यवस्थाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और सेवाओं का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। बैठक में अस्पताल प्रभारी डॉ. शिखर अग्रवाल, बीईटीओ सैय्यद असलम, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, पार्षद फिरोज फारूखी, प्रेमलता चंद्राकर, डॉ. राधेश्याम वर्मा, विद्युत मंडल के सहायक अभियंता मुकेश कुमार लहरें, स्वच्छता निरीक्षक वीणु वर्मा, आर विश्वास, मितानिन झामिन वर्मा आदि उपस्थित थे।

**बैठक**

- विधायक निधि से बनेंगे अतिरिक्त कक्ष और मिलेगा वाटर एटीएम
- जीवन दीप समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



### दवाइयों के सुरक्षित रखने बनेगा बातानुकूलित कक्ष

बैठक में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू और दिलीप पटेल ने जानकारी दी कि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा विधायक निधि से अस्पताल में दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए सहमति प्रदान की गई है। इसके साथ ही दवाइयों के सुरक्षित रखरखाव के लिए स्टोर रूम में वातानुकूलित कक्ष तैयार करने हेतु एक एयर कंडीशनर उपलब्ध कराने की घोषणा भी की गई। जीवन दीप समिति के माध्यम से मेल वार्ड के संधारण कार्य को भी स्वीकृति दी गई। वहीं अस्पताल परिसर में अव्यवस्थित वाहन पार्किंग की समस्या को देखते हुए बैरिकेड्स निर्माण पर सहमति बनी। समिति ने माना कि बैरिकेड्स नहीं होने से लोग वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं, जिससे अस्पताल परिसर में अव्यवस्था फैलती है।

### लैब में जांच पर भी करना होगा भुगतान

बैठक में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ने आम लोगों के लिए अस्पताल परिसर में वाटर एटीएम स्थापित कराने की घोषणा भी की। इसके अलावा जीवन दीप समिति कर्मियों के मानदेय का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत तैयार करने पर चर्चा हुई। इसी क्रम में अस्पताल की लैब में कुछ जांचों के लिए शुल्क लेने का निर्णय लिया गया। हालांकि ब्लड शुगर, एचआईवी और डेंगू जैसी महत्वपूर्ण जांचों को पूर्व की तरह निशुल्क रखने का फैसला लिया गया। अस्पताल के प्रशासनिक कार्यों को सुचारू बनाने के लिए दो कंप्यूटर सेट खरीदने तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रशिक्षण के लिए माइक सेट और प्रोजेक्टर खरीदने पर भी सहमति प्रदान की गई।

---

मौसम विभाग ने रेड एलर्ट किया जारी, आने वाले तीन दिनों में और बढ़ेगा तापमान

# लू के थपेड़ों से गुजर रही ट्विनसिटी, दुर्ग का पारा 45 डिग्री पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शनिवार को ट्विनसिटी का पारा और बढ़ गया। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस चला गया है। जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस सीजन का यह सर्वाधिक तापमान है। इसके पहले यानी एक दिन पहले शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सयस रहा। जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा। मौसम विभाग ने दुर्ग संभाग को रेड एलर्ट घोषित किया है। यानी इस 45 डिग्री तापमान के बाद ग्रीष्मलहर चलेगी।

### गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग हलाकान

पिछले चार दिनों से अधिकतम तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसी के साथ ही लू के हालात भी हैं। पारा सर्वाधिक होने की वजह से पूरे दिन गर्म हवाओं के थपेड़ों से शहरवासी परेशान दिखाई दिए। झुलसाने वाली लू से बचने के लिए लोगों ने हेलमेट के भीतर भी मुंह को कपड़े से बांध रखे थे। बिना दस्ताने के दोपहिया वाहन चलाना मुश्किल हो गया। घरों से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी ने दोपहर को सड़कें और मार्केट को सूना कर दिया है। लोगों की आवाजाही दोपहर को बंद सी हो गई है।

### इस तरह चल रहा है मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण बिहार और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पश्चिम विहार से उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में उत्तर पश्चिम से गर्म और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार बने रहने के कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है।

### आज और बढ़ सकता है तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक 24 मई को अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान एक - दो डिग्री तक ज्यादा हो सकता है।

**23 मई को 14:30 बजे प्रमुख शहरों के तापमान**

| | |
|---|---|
| दुर्ग | 45.0 |
| रायपुर | 43.8 |
| बिलासपुर | 44.0 |
| पेंड्रा | 41.4 |
| अंबिकापुर | 41.0 |
| जगदलपुर | 42.4 |


online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-[+ 5% GST]

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 24 मई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## ओरल कैंसर की प्रारंभिक पहचान जरूरी आधुनिक उपचार पद्धतियों से किया जागरूक



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई के सहयोग से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर द्वारा होटल अमित पार्क सुपेला भिलाई में ओरल कैंसर ट्रेनिंग विषय पर विशेष डॉक्टर्स मीट एवं सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दंत चिकित्सकों को ओरल कैंसर की शुरुआती पहचान और आधुनिक उपचार पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. नवीन कुमार जैन उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ओरल कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने पर इलाज की सफलता दर 80-90% तक बढ़ जाती है। डॉ. जैन ने बायोप्सी, इमेजिंग तकनीक और सर्जरी की नई पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित दंत चिकित्सकों ने ओरल कैंसर के लक्षण, रिस्क फैक्टर्स और मरीजों की काउंसलिंग से जुड़ी जिज्ञासाओं पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम में इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई की प्रेसिडेंट डॉ. दीप्ती राठौर का विशेष मार्गदर्शन रहा तथा सचिव डॉ. सायली कुरैशी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हर्षिता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आईडीए छत्तीसगढ़ स्टेट के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. समीर बरडिया, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. लियू, डॉ. मंजू यादव, डॉ. फातिमा खान की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही आईडीए दुर्ग-भिलाई की वर्किंग कमेटी के सदस्य डॉ. आस्था श्रीवास्तव, डॉ. सविता कबड़वाल, डॉ. दीक्षाली एंदुरकर, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ. नावेद खान, डॉ. रजत जैन, डॉ. सुयोग जैन, डॉ. श्रेणिक नाहटा, डॉ. रिया जैन एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल से मिस्टर निखिलेश उपस्थित रहे।



### कला मंदिर में हुई औद्योगिक सुरक्षा कार्यशाला, श्रमिकों की सुरक्षा व सुरक्षा मानकों पर हुई चर्चा

# दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और सुरक्षा ऑडिट जरूरी, नवाचारों पर भी किया गया मंथन

**भिलाई।** जिले के खतरनाक और अति खतरनाक कारखानों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कला मंदिर में औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उद्योगों के अधिकारियों के साथ कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम, श्रमिकों की सुरक्षा तथा औद्योगिक सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और नवाचारों पर मंथन किया गया। इस दौरान विभिन्न उद्योगों से पहुंचे अधिकारियों ने अपने-अपने संस्थानों में किए जा रहे कार्यों, औद्योगिक सुरक्षा के लिए अपनाए जा रहे उपायों तथा सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के संबंध में अपने विचार साझा किए। साथ ही औद्योगिक सुरक्षा को लेकर किए जा रहे विभिन्न नवाचारों और पहलों की जानकारी भी दी।कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर अभिजीत सिंह ने की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक पीआर भल्ला, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के उप संचालक मनीष कुंजाम सहित बीएसपी के अधिकारी और जिले के विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




### सुरक्षा मानकों के पालन पर हुई विस्तार से चर्चा

कार्यशाला में कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम, श्रमिकों की सुरक्षा तथा औद्योगिक सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी उद्योग प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और सुरक्षा ऑडिट अत्यंत आवश्यक हैं। विभागीय अपेक्षाओं, उद्योगों को दिए जाने वाले सहयोग तथा औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एजेंडावार विषयों की विस्तृत समीक्षा कर उन्हें प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने पर जोर दिया गया।







### बीएसपी में अलग-अलग फैक्ट्रियों में बंटा है काम

भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र अलग-अलग फैक्ट्रियों में विभाजित है। संयंत्र परिसर में लौह एवं इस्पात निर्माण की कई उत्पादन इकाइयों के साथ सहायक विभाग भी संचालित हैं। इस दौरान विभिन्न उद्योगों से पहुंचे अधिकारियों ने अपने-अपने संस्थानों में किए जा रहे कार्यों, औद्योगिक सुरक्षा के लिए अपनाए जा रहे उपायों तथा सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के संबंध में अपने विचार साझा किए। साथ ही औद्योगिक सुरक्षा को लेकर किए जा रहे विभिन्न नवाचारों और पहलों की जानकारी भी दी।

लाइव इवेंट

## टीबी मरीजों को बांटी न्यूट्रिशन किट, पोषण से तेज होगा रिकवरी का सफर



**दुर्ग।** जामुल सीमेंट वर्क्स ने अपनी सीएसआर स्वास्थ्य पहल के तहत दुर्ग जिले के 100 टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य टीबी मरीजों को समुचित पोषण सहायता देकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग करना और टीबी मुक्त भारत अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी की उपस्थिति में जामुल सीमेंट वर्क्स की ओर से सीएसआर प्रमुख जामिल अख्तर खान और उनकी टीम ने मरीजों को किट प्रदान की। किट में प्रोटीन, विटामिन और जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर सामग्री शामिल थी जो इलाज के दौरान मरीजों की इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करेगी। कार्यक्रम के आयोजन में एसीसी जामुल के मुख्य संयंत्र प्रबंधक महेंद्र सिंह के विशेष सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। सीएमएचओ डॉ. दानी ने कहा कि टीबी के इलाज में दवाओं के साथ पोषण की भूमिका बेहद अहम है। जामुल सीमेंट वर्क्स की यह पहल मरीजों के प्रति संवेदना और समग्र स्वास्थ्य सुरक्षा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सीएमआर के तहत आगे भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को समय पर हासिल किया जा सके।



## बीएसपी में एक्सकेवेशन कार्यों की सुरक्षा लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन, कर्मियों को किया जागरुक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के सभागार में एक्सकेवेशन कार्यों से संबंधित सुरक्षा विषय पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन (एलजीआई) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी थे। विभागीय कर्मियों को सुरक्षा मानकों को लेकर जागरुक किया गया। उप महाप्रबंधक अशोक जसवानी ने एक्सकेवेशन कार्यों के दौरान उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों एवं जोखिमों पर जानकारी दी। बीएन झा ने संयंत्र क्षेत्र में उत्खनन कार्यों के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों, संरचनात्मक सुरक्षा तथा समन्वित कार्यप्रणाली के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अजय टल्लू एवं श्री अनुराग पाठक ने किया।

## डॉग्स शेल्टर सेक्टर-3 में बांटा अनाज और जरूरी सामान




**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई ने अपने परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत सेक्टर-3 स्थित डॉग्स शेल्टर में अनाज तथा अन्य जरूरतों का सामान वितरित किया। क्लब हर माह शेल्टर की जरूरतें पूछकर वहां सामान पहुंचाता है। शेल्टर में घायल, चोटिल या बीमारियों से संक्रमित डॉग्स को रेस्क्यू कर लाया जाता है। यहां उनका इलाज करवाकर स्वस्थ होने पर वापस छोड़ दिया जाता है। क्लब के इस प्रयास से सैकड़ों बेजुबानों को नई जिंदगी मिल रही है। इस अवसर पर क्लब अर्चना मिश्रा, अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, डॉ. मंजूलता गायकवाड़, संगीता कौरा, स्नेहा शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि बेजुबान जानवरों की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है और क्लब आगे भी ऐसे कार्य करता रहेगा। डॉग्स शेल्टर सेक्टर-3 में अनाज व जरूरी सामान वितरण के दौरान लीनेस क्लब भिलाई की सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## 108 घरों में आज एक साथ होगा गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ, स्वस्थ राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेंगे ग्रामवासी



**दुर्ग।** दुर्ग जिले के ग्राम अंडा गांधी नगर में रविवार को आध्यात्मिक चेतना का नजारा देखने को मिलेगा। यहां एक साथ 108 घरों में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वस्थ, समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण का सामूहिक संकल्प बनेगा। यह पुण्य आयोजन गायत्री परिवार के प्रेरणास्त्रोत गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार एवं समस्त ग्रामवासी अंडा के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। एक ही दिन, एक ही समय पर गांव के 108 घरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञीय वातावरण निर्मित होगा, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठेगा।

आयोजकों ने बताया कि इस महायज्ञ को समाज में नैतिकता, सद्भाव, संस्कार, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं सकारात्मक चिंतन के जागरण के महान अभियान के रूप में देखा जा रहा है।

यज्ञ के माध्यम से स्वस्थ शरीर, स्वच्छ विचार, सुखी परिवार एवं शक्तिशाली राष्ट्र की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्वान परिजन, गायत्री साधक एवं ग्रामीणजन सामूहिक रूप से भाग लेकर राष्ट्र कल्याण एवं विश्व शांति की मंगलकामना करेंगे। आयोजकों ने ग्राम अंडा सहित आसपास के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ, संस्कार एवं आध्यात्मिक चेतना के इस पुण्य अभियान में शामिल होने को कहा है।

## 9 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आज से, सुबह 5 बजे से लगेंगी कक्षाएं



**भिलाई।** गायत्री परिवार रामनगर मुक्तिधाम भगवती संस्थान के सहयोग एवं पतंजलि योग समिति दुर्ग के तत्वावधान में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रामनगर मुक्तिधाम, भिलाई के प्रांगण में 24 मई से 1 जून तक 9 दिवसीय निःशुल्क योगा प्राणायाम शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योगाचार्य नरेंद्र पटेल, तीजऊ राम साहू, शत्रुहन साहू एवं पेखन लाल द्वारा रोजाना सुबह 5 बजे से 7 बजे तक शिविर संचालित होगा। शिविर में योगा-प्राणायाम के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा, यौगिक क्रियाओं और विभिन्न बीमारियों के प्राकृतिक उपचार की जानकारी दी जाएगी। कार्यकर्ता मोहन उमरे ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने घर से आसनी व बिछौना, छोटी बॉटल में पानी लेकर आएं और खाली पेट पहुंचें। उन्होंने अति बुजुर्ग, गंभीर बीमारी और हार्ट के मरीजों को शिविर में भाग न लने की अपील की है।

### कामर्स में सिद्धार्थ, कला में मनतृप्त और विज्ञान संकाय में पीयूष प्रथम

कार्नर न्यूज

# डीपीएस दुर्ग के विद्यार्थियों ने बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में लहराया परचम , 254 विद्यार्थियों में से 127 के विशेष अंक

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग ने बारहवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में एक बार फिर बेहतरीन नतीजे हासिल किए हैं। स्कूल ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यहां के विद्यार्थियों ने कई विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। कामर्स और साइंस संकायों में विद्यार्थियों ने गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाई है। दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग के स्कूल प्रबंधन, निदेशक, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने इन उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों और अन्य सभी छात्रों को उनके बेहतरीन नतीजों के लिए हार्दिक बधाई और आशीर्वाद दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि वे नए जोश और उत्साह के साथ उत्कृष्टता की इस यात्रा को आगे भी जारी रखेंगे। विद्यालय में कुल 254 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें 127 विद्यार्थियों ने विशेष अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही 20 छात्रों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किए हैं।



### कामर्स में सिद्धार्थ, कला में मनतृप्त और विज्ञान संकाय में पीयूष प्रथम

डीपीएस दुर्ग विद्यालय में कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान पर वाणिज्य संकाय से सिद्धार्थ जैन ने 94.6% अधिकतम अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर कला संकाय से मनतृप्त कौर ढिल्लन ने 94.2% अधिकतम अंक प्राप्त किए तथा तृतीय स्थान पर विज्ञान संकाय से पीयूष सिंह 93.4% प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया ।

### कामर्स स्ट्रीम में उपलब्धि

प्रथम सिद्धार्थ जैन 94.6 प्रतिशत
द्वितीय – गीता वाघेला और उज्जवंश सिंह भाटिया – 93.8 प्रतिशत

### साइंस स्ट्रीम में यह उपलब्धि

प्रथम – पीयूष सिंह – 93.4 प्रतिशत
द्वितीय – शोभित सैनी – 92.4 प्रतिशत
तृतीय – धरती गौतम – 91. 6 प्रतिशत
00 ह्यूमैनिटीज़ स्ट्रीम में यह उपलब्धि

### विद्यार्थियों की लगातार मेहनत व अनुशासन से सफलता

विद्यालय की डायरेक्टर मेम पुनीत नेहरू कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ यह सफलता अर्जित की है। यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि डीपीएस दुर्ग हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट परिणामों के लिए समर्पित रहा है। छात्रों की यह सफलता इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों, उनके परिवारों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हैं। जिनका इस सफलता में अहम योगदान रहा है।

## खबर संक्षेप

### नजरूल इस्लाम की जयंती पर सांस्कृतिक संध्या आज

**भिलाई।** रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको परिसर में 24 मई को शाम 7 बजे से कवि काजी नजरूल इस्लाम की जयंती पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। सुर ओ बानी के संयोजक सुबीर रॉय ने बताया कि मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र ईडी प्रोजेक्ट प्रबीर कुमार सरकार, विशिष्ट अतिथिबंगीय साहित्य संस्था की सभापति और बांग्ला कवयित्री बानी चक्रवर्ती, बीएसपी के चिकित्सा विभाग की सहायक प्रबंधक प्रोमीता दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक वित्त और अकाउंट दिव्यनंदु सरखेल और सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक माइंस मानस विश्वास होंगे। साथ ही संरक्षक डॉ. सुदेशना सेनगुप्ता, बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, भिलाई बंगाली समाज के संरक्षक मानव सेन और रंगकर्मी शक्ति चक्रवर्ती भी शामिल होंगे।

### कौशल प्रतियोगिता में बीएसपी ने जीते 7 पुरस्कार



**भिलाई।** बीएसपी ने नई दिल्ली में आयोजित 36वीं राष्ट्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी तकनीकी दक्षता और कार्य कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीएसपी के 7 प्रतिभागियों ने विभिन्न तकनीकी व्यवसायों में संयंत्र का प्रतिनिधित्व किया तथा उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सभी प्रतिभागियों ने पुरस्कार प्राप्त किए। बीएसपी की टीम ने कुल 7 पुरस्कार अर्जित किए, जिनमें 3 प्रथम पुरस्कार, 3 द्वितीय और 1 तृतीय पुरस्कार शामिल हैं। प्रतिभागियों ने कारपेंटरी, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, पीएलसी एवं टर्नर जैसे विभिन्न तकनीकी व्यवसायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कारपेंटरी ट्रेड में राम सजन ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में अखिल कुमार राठौर ने प्रथम, फिटर ट्रेड में राजेंद्र कुमार नायक को प्रथम, वहीं इसी ट्रेड में प्रभूचरण जेना ने द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया। पीएलसी श्रेणी में बी वेंकटा अप्पाराव ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि कुन्द्रापू गणेश ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया।

# क्राइम सीन पर पहुंचेगी फॉरेंसिक वैन, कलेक्ट करेगी साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

बड़ी घटनाओं के क्राइम सीन पर अब फॉरेंसिक वैन की मदद ली जाएगी। हर हादसे के बाद वैन और एक्सपर्ट मौके पर पहुंचेंगे। क्राइम सीन से एवेडेंस कलेक्ट करेंगे। अत्याधुनिक संसाधनों से लैस मोबाइल वैन को शनिवार को शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खादी ग्राम उद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसपी विजय अग्रवाल, अपर सत्र न्यायाधीश दीपक खोसले, संयुक्त संचालक अभियोजन बीएस राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, सीजीएम नगर प्रशासन बीएसपी श्रीनिवास राव प्रमुख रूप से मौजूद थे।

गजेन्द्र यादव ने कहा कि मोबाईल फोरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन एवं प्रारंभिक परीक्षण शीघ्रता से किया जा सकेगा, जिससे अपराधों की विवेचना अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनेगी। उन्होंने इसे आधुनिक अपराध अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया तथा विश्वास व्यक्त किया कि इससे जिले में कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को और अधिक मजबूती मिलेगी। विजय बघेल ने कहा कि यह पहल पुलिस विभाग एवं फॉरेंसिक विज्ञान के समन्वय को मजबूत करेगी तथा न्यायिक प्रक्रिया में वैज्ञानिक साक्ष्यों की गुणवता एवं विश्वसनीयता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।

### शिक्षामंत्री व सांसद ने विज्ञान प्रयोगशाला के लिए वैन का किया शुभारंभ



### साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन होगा, वैज्ञानिक परीक्षण में मिलेगी सहायता, जल्द सुलझेंगे केस

अभिषेक शांडिल्य ने कहा कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिसके माध्यम से घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक परीक्षण, साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे अपराध अनुसंधान की प्रक्रिया अधिक त्वरित, प्रभावी एवं वैज्ञानिक बनेगी। क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला कार्यालय के प्रमुख डॉ. पंकज ताम्रकार ने कहा कि वर्तमान समय में अपराधों की प्रकृति लगातार जटिल होती जा रही है। ऐसे में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। मोबाईल फोरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर वैज्ञानिक जांच को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रज्ञा गजेन्द्र तथा वैज्ञानिक अधिकारी श्री शत्रुहन सिंह श्याम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग के राजपत्रित अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार में किशोरियों को बांटे सेनेटरी पैड, आस्था संस्था को 3 लाख का चेक



**दुर्ग।** सुशासन तिहार के अंतर्गत शनिवार को पुरानी गंजमंडी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से जनसुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं एसडीएम हरवंश सिंह मिरी ने शिविर स्थल पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 2 बच्चों का अन्नप्रासन रस्म अदायगी की गई। मंत्री ने शिविर में कसारीडीह वार्ड के आस्था स्व सहायता समूह की महिलाओं को छत्तीसगढ़ महिला कोष अन्तर्गत 3 लाख रूपए का डेमो चेक प्रदान किया। शिविर में किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य जांच कराई गई। उन्हें सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर रेडी-टू-ईट से बने व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। शिविर में महापौर बाघमार ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# डिजिटलाइजेशन से कोसों दूर है किसान, प्रचार में कमी बड़ा कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- प्रदेश में किसान आयोग का गठन कर किसानी कार्य को उद्योग घोषित करने की मांग

देश के हर राज्य में किसान परेशान है, चाहे खाद हो या उत्पादन। व्यापारी अपने सामनों का मूल्य तो तय कर सकता है लेकिन किसान नहीं। उन्हें पहने उत्पादन का सही कीमत नहीं मिल रहा। राज्य शासन को किसान आयोग का गठन करते हुए किसानी कार्य को उद्योग घोषित करनी चाहिए। उक्त बातें लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने कही।

धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है किंतु चिंता का विषय है कि आज किसानों को बदहाल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।



कृषि के लिए पार्यप्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद आज कृषि योग्य भूमि का उपयोग रिहायशी और अन्य व्यवसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। प्रतिदिन हजारों किसान खेती किसानी छोड़कर अन्य रोजगार और व्यवसाय की ओर अग्रसर हो रहे हैं। छग प्रदेश अध्यक्ष शरद पाण्डेय ने कहा कि समितियों और खुले बाजार में डीएपी, यूरिया तथा अन्य सभी प्रकार के उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सरकार को स्पष्ट और प्रभावनी नीति बनाए ना चाहिए। जिन किसानों के पास 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि है उन्हें खाद दो किस्तों के स्थान पर एकमुश्त प्रदान करना चाहिए ताकि खेती कार्य समय पर और सुचारू रूप से हो। साथ ही डीएपी जैसे उर्वरक प्रति एकड़ एक बोरी उपलब्ध कराया जाए। आज सब कुछ डिजिटल हो गया है। कई किसान ऐसे हैं जो इस डिजिटलाइजेशन से कोसों दूर है। इसलिए किसान हितैषी योजनाओं का नाभ प्रत्येक किसान तक पहुंचे इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। इस दौरान पार्टी के मुकेश वर्मा, हेमा वर्मा, रंजित कुमार, प्रकाश काम्बले, अली अहमद, सुधीर साहू आदि मौजूद थे।

# गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को मिली नई जिंदगी

## जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय और अनुसंधान केंद्र में हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय और अनुसंधान केंद्र का एडवांस बर्न केयर यूनिट गंभीर रूप से झुलसे मरीजों के लिए उम्मीद, संवेदना और विशेषज्ञ उपचार का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। हाल ही में यूनिट ने लगभग 50 प्रतिशत तक झुलसे एक बाल मरीज का सफल उपचार किया गया।

बर्न विभागाध्यक्ष और मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. उदय धाबर्डे ने बताया कि अमेरिकन बर्न एसोसिएशन के अनुसार बच्चों में 20 प्रतिशत से अधिक तथा वयस्कों में 40 प्रतिशत से अधिक जलना अत्यंत गंभीर स्थिति मानी जाती है। संबंधित बाल मरीज कई दिनों तक अन्य अस्पतालों में उपचार के बाद सेप्टीसीमिया की अवस्था में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय लाया गया था। शरीर के साथ-साथ मलद्वार और मूत्रमार्ग के आसपास का हिस्सा भी गंभीर रूप से प्रभावित हो चुका था, जिससे संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका बनी हुई थी। ऐसी जटिल परिस्थिति में बर्न यूनिट की टीम ने केवल उपचार ही नहीं, बल्कि मरीज के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक पुनर्वास पर कार्य किया। बार-बार ड्रेसिंग की आवश्यकता और असहनीय पीड़ा के बीच मरीज को हाई प्रोटीन और फाइबर डाइट दी गई। वहीं नसों के माध्यम से पैरेंट्रल न्यूट्रिशन उपलब्ध कराया गया ताकि शरीर की रिकवरी प्रक्रिया को गति मिल सके। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर ने कहा कि एडवांस बर्न केयर यूनिट अस्पताल का अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो गंभीर मरीजों के उपचार में पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। इस सफल उपचार में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अनिरुद्ध मेने, जूनियर ऑफिसर सुनीता साहू, वार्ड इंचार्ज शोभा सिस्टर सहित नर्सिंग स्टाफ, ड्रेसर, सेनेटरी वर्कर और अटेंडेंट्स की सामूहिक भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### जन्म दिन पर काटा केक, चेहरे पर लौटी मुस्कान



बच्चे के मानसिक तनाव को कम करने के लिए प्ले हाउस में खिलौने, कार और मनोरंजन की व्यवस्था के साथ टीवी पर कार्टून फिल्में दिखाकर बच्चों का ध्यान दर्द से हटाने का प्रयास किया गया। इलाज के दौरान एक समय ऐसा भी आया जब बच्चे की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। शरीर सूज चुका था और सांस लेने में भी कठिनाई हो रही थी। संयोग से उसी दौरान बच्चे का जन्मदिन आया। ऐसे भावुक क्षण में बर्न यूनिट की टीम ने अस्पताल के भीतर ही केक, बैलून और सजावट के साथ उसका जन्मदिन मनाया। सुस्त पड़े बच्चे ने मोमबत्ती बुझाई, केक काटा और कुछ क्षणों के लिए उसके चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

# एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों पर हुई चर्चा



**भिलाई।** लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने चिरमिरी में मुलाकात की। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों के संबंध में चर्चा हुई। मंत्री ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें जल्द पूर्ण करने सहमति प्रदान की।

दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की सहमति और संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन 14 जून को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति प्रस्तावित है। अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। इसके अतिरिक्त दोनों उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री के सलाहकार और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. धीरेन्द्र तिवारी, समस्त कैबिनेट मंत्रीगण, सांसद आदि को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के 18000 से अधिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी इस महासम्मेलन शामिल होंगे।

# सुशासन तिहार में 621 लोगों ने किए आवेदन जमा, जिसमें 498 शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने वार्ड क्रमांक 37 शीतला मंदिर डोम शेड में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें नागरिकों द्वारा मांग 498 शिकायत 123 इस प्रकार कुल 621 आवेदन जमा किया गया है। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर, 31 मदर टेरेसा नगर, 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर, 33 संतोषी पारा केम्प-2, 34 वीर शिवाजी नगर, 35 शारदा पारा, 36 श्याम नगर, 32 संत रविदास नगर, 52 सेक्टर-3, 53 सेक्टर-1 उत्तर, 54 सेक्टर-1 दक्षिण, 55 सेक्टर-2 पूर्व एवं 56 सेक्टर-2 पश्चिम के नागरिक शामिल होकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का निराकरण तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने आवेदन भी जमा किये हैं। शिविर में राष्ट्रीय आयुष मिशन, मेडिकल स्वास्थ्य विभाग, एम.एम.यू. चलित स्वास्थ्य शिविर, महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्ज्वला योजना, पशुधन विभाग, राशन



कार्ड, पेयजल एवं जल कार्य, लोक कर्म विभाग, नामांतरण एवं लीज डीड फ्री-होल्ड, राष्ट्रीय पेंशन योजना, जन स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण विभाग, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, श्रम विभाग, ई-श्रमिक कार्ड, पुलिस सहायता केन्द्र तथा जन मित्र योजना सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। सुशासन शिविर में नागरिक अपनी समस्या को लेकर संबंधित काउंटर पर जाकर आवेदन भरकर जमा किये है, जिसका जल्द निराकरण किया जायेगा। शिविर में वरिष्ठ पार्षद गण, अधिकारी कर्मचारी एवं शहर वासी शामिल रहे।

# आयुक्त ने साइकिल से किया वैशाली नगर जोन का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- वार्डों की साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं को परखने सड़कों पर उतरी टीम

लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और वार्डों की जमीनी हकीकत जानने के लिए निगम प्रशासन एक्शन मोड में है। इसी सिलसिले में शनिवार सुबह जोन 2 वैशाली नगर के अंतर्गत निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों का साइकिल से सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। सुबह-सुबह साइकिल पर निकले आयुक्त को देख जहां नागरिकों में कौतूहल रहा, वहीं प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

आयुक्त ने साइकिल से जोन-2 कार्यालय से शारदा विद्यालय रामनगर, गौरव पथ और गुरुनानक मार्केट होते हुए हेमु कल्याणी चौक से गोल मार्केट, राम जानकी मंदिर और वैशाली नगर थाना होते हुए दशहरा मैदान हनुमान मंदिर तक बारीकी से निरीक्षण किए।



### सफाई, नालियों व कचरा संग्रहण केंद्र व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

भ्रमण हनुमान मंदिर सड़क-9 से सेंट जेवियर्स स्कूल, शांति नगर होते हुए सद्भावना चौक, जीरो रोड होते हुए भगत सिंह चौक (सांस्कृतिक भवन) तक फिर भगत सिंह चौक से पूर्व विधायक (स्व. भसीन जी) सड़क मार्ग होते हुए वापस जोन-2 वैशाली नगर कार्यालय पर इस निरीक्षण दौरे का समापन हुआ।इस दौरान आयुक्त ने सड़कों की सफाई, नालियों की स्थिति और कचरा संग्रहण व्यवस्था का कड़ा मुआयना किया। असमाजिक लोगों द्वारा कचरा में आग लगाया गया था, जिसे आयुक्त ने तत्काल बुझाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्डों में नियमित साफ-सफाई और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आयुक्त के साथ स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित जोनल व वार्डों के स्वास्थ्य सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रसमड़ा संरक्षित क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सोना बेवरेज्स प्राइवेट लिमिटेड ग्रोथ सेंटर रसमड़ा जिला दुर्ग को एक वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। यह आदेश एक वर्ष की अवधि के लिए घोषित किया गया है। अनाधिकृत लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

## दुर्गा मंदिर वार्ड में विधायक देवेंद्र ने सुनी समस्याएं

# हाईटेंशन लाइन से जान-माल का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- लोगों ने विधायक देवेंद्र को परेशानियों से कराया अवगत

दुर्गा मंदिर वार्ड सहित नगर निगम भिलाई के खुर्सीपार जोन 4 क्षेत्र के कई वार्डों में लोग वर्षों से हाईटेंशन बिजली तारों के कारण परेशान हैं। शनिवार को विधायक देवेंद्र यादव ने प्रभावित वार्डों का दौरा कर मौके का मुआयना किया तथा स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं।

क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि हाईटेंशन तार काफी नीचे होने के कारण लोग घरों का निर्माण तक



नहीं करा पा रहे हैं। कई जगहों पर जान का खतरा बना हुआ है और पूर्व में दो से तीन दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों ने पूर्व में विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात कर समाधान की मांग की थी। विधायक देवेंद्र यादव ने इस मामले को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से प्रमुखता से उठाया था। इसके साथ ही बिजली कंपनी को नोटिस जारी कर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए थे। विधायक ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष से वे लगातार इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि लोगों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका समाप्त हो।

मौका मुआयना के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड क्रमांक 39, 40, 42, 45, 46 एवं 49 सहित प्रभावित क्षेत्रों में नीचे लटक रहे 11 केवी हाईटेंशन तारों को प्राथमिकता के आधार पर हटाने अथवा शिफ्ट करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि बीएसपी क्षेत्र होने के कारण तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं लंबी हैं, लेकिन क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए वे लगातार संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही तारों को हटाया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# चचेरे भाई पर जानलेवा हमला, 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

## दोनों पक्षों के बीच थी पारिवारिक विवाद



अमलेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम झीट में पारिवारिक विवाद के चलते अपने चचेरे भाई पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर की अदालत ने सुनाया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई 2025 को दोपहर करीब डेढ़ बजे झीट निवासी हुसैन मोहम्मद अपने पुत्र इकबाल मोहम्मद के साथ बाजार चौक स्थित दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई का बेटा अनीस उर्फ हनीफ मोहम्मद वहां पहुंचा और पारिवारिक विवाद को लेकर गाली-गलौच करने लगा। आरोपी ने हुसैन मोहम्मद को जान से मारने की धमकी भी दी और वहां से चला गया।कुछ समय बाद आरोपी दोबारा मोटरसाइकिल से दुकान पहुंचा। इस बार वह अपने साथ तलवारनुमा लोहे का चापड़ा लेकर आया था। आरोपी ने हुसैन मोहम्मद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और पेट में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल हुसैन मोहम्मद को खून से लथपथ हालत में तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

मामले की सूचना पर अमलेश्वर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। विवेचना पूर्ण होने और दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी अनीस उर्फ हनीफ मोहम्मद को हत्या के प्रयास के मामले में 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोपी को 3 वर्ष के कारावास से दंडित किया गया है।

# अब गांव में भी कैमरे की निगरानी, बढ़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

## औंसर-डिघारी में लगे 15 कैमरे





ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने एवं गांव में निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख स्थानों पर 15 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस पहल से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है तथा गांव में होने वाली गतिविधियों पर बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी। ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य चौक, पंचायत भवन, स्कूल, सार्वजनिक स्थानों एवं आवागमन वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। सरपंच प्रियालता महिपाल ने बताया कि इस व्यवस्था से असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने, चोरी जैसी घटनाओं की रोकथाम करने तथा गांव में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। आने वाले समय में अन्य जगहों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। जल्द ही इसे पुलिस विभाग की त्रिनेत्र एप से भी जोड़ा जाएगा।ग्रामीणों ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से गांव की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी बच्चों के साथ नेवता भोज में बांटी खुशियां



**अंडा।** अण्डा ग्राम चंदखुरी के युवा समाजसेवी भूपेन्द्र साहू ने अपने जन्मदिन को बस स्टैंड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में बच्चों के बीच नेवता भोज के साथ खुशियां बांटी। यहां बच्चों को स्वादिष्ट खीर-पूड़ी एवं ठंडी शरबत परोसी गई, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह और खुशी के साथ ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा देवांगन, सहायिका पूर्णिमा देशमुख, सूर्यांश साहू, दिव्यांश साहू, राधेलाल सोनी, शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर एवं जग्गू निषाद उपस्थित रहे।

### निधन

**अल्पना चौधरी**



**भिलाई।** पंचशील नगर चरोदा निवासी संगीत शिक्षिका अल्पना चौधरी (64 वर्ष) का निधन 22 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 मई को चरोदा मुक्तिधाम में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। वे सेवानिवृत्ति लेक्चरर तारकनाथ चौधरी की पत्नी, अर्पिता चौधरी की मां और वरिष्ठ अधिवक्ता विकास चौधरी की भाभी थीं।

## बढ़ते जलसंकट से मिली निजात, वार्डवासियों ने जताया आभार

# वार्ड-7 के रह वासियों को मिली राहत नए बोर से आ रहा है भरपूर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुम्हारी



वार्ड क्रमांक 07 में संचालित बोर खराब हो जाने के कारण पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही थी जल संकट की स्थिति में इसके तत्काल निवारण हेतु बोर खनन कराया गया था लेकिन वह भी ड्राई हो गया साथ ही पूर्व में हुए बोर की सफाई भी की गई मगर यह प्रयास भी असफल रहा। वार्ड में जल आपूर्ति के लिए अस्थायी रूप से रोजाना 8 से 10 टैंकर जल की व्यवस्था की जा रही थी लेकिन फिर भी वार्ड क्रमांक 07 की माताएं बहने एवं रहवासियों की जल आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी इसी बात को लेकर बर्फ की महिलाओं ने समस्या निवारण शिविर में नाराजगी जताते हुए इस समस्या को लेकर आवेदन भी दिया था अतः इस समस्या को तत्काल दूर करने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर की अनुशंसा से एक और नए बोर खनन का कार्य किया गया। वार्डवासियों को जो असुविधा पर खेद व्यक्त करते हुए जल प्रभारी अश्वनी देशलहरे ने शुक्रवार की मध्य रात्रि स्वयं मौके में उपस्थित रहकर बोर खनन करवाया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष, जल प्रभारी, वार्ड पार्षद लता खैरवार एवं वार्ड की महिलाओं ने पूजा अर्चना कर इसे प्रारम्भ किया गया और यह बोर पूरी तरह सफल रहा और लोगों को जल संकट से मुक्ति मिल गई। जल प्रभारी अश्वनी देशलहरे ने बताया कि अब इससे वार्डवासियों की समस्याएं दूर होंगी और लोगों को जल संकट से निजात मिलेगा। पानी मिलने से रामनगर वार्ड 07 के लोगों ने राहत की सांस ली और जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। इस भीषण गर्मी में लोगों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर सुजीत यादव, सूरज यादव, नगरपालिका के राजेश देवांगन पाइप लाइन टीम सहित वार्ड वासी नीरा साहू, दुकलहिन विश्वकर्मा, उर्मिला साहू, वागेश्वरी साहू सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे। पालिका प्रशासन के मुख्य नगर अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने जानकारी दी कि टैंकरों में जो लीकेज की समस्या थी उसे भी तत्परता से दुरुस्त करवा लिया गया है। अब टैंकरों द्वारा बिना लीकेज के जिस जिस वार्ड में पानी की समस्या हैं वहां पानी सप्लाई किया जा रहा हैं।

# क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता स्मृति नगर चौकी पहुंचे थे। जहां कार्यकर्ताओं ने चौकी में घुसकर जमकर नारेबाजी, कर्मियों से बहस कर रहे थे। इसे लेकर पुलिस ने कार्यकर्ताओं के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस कर्मियों से अभद्रता की और शासकीय कार्य में कार्यकर्ता बाधा डाल रहे थे। जिसमें संगठन के चेतन चंदेल, राहुल वर्मा, सतीश, जागेश्वर वर्मा, नेमचंद, अप्पू मेश्राम एवं अन्य कार्यकर्ता पर पुलिस ने कार्रवाई किया है। चौकी में कार्यकर्ताओं के साथ हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी और क्रांति सेना के पदाधिकारियों के बीच जमकर बहस होता दिख रहा है। चौकी प्रभारी राजेश साहू प्रदर्शनकारियों को पहले समझाने का प्रयास किया। इसके बाद ही सुपेला थाना प्रभारी ने भी लोगों सो समझाया लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। तब सीएसपी ने प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर निकाला। तब सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी थाना परिसर में एक अन्य मामले में दो पक्षों के बीच चर्चा करवा रहे थे। शोर-शराबा सुनकर वे बाहर आए और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी उनसे भी बहस करना शुकु कर दिया। उनकी मांग थी कि डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। विवाद बढ़ने पर सीएसपी ने प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर खदेड़ दिया। पुलिस ने भूपेन्द्र साहू की शिकायत पर डॉक्टर अनुराग चंद्राकर अपने कर्मियों के साथ पहुंचे और कार में स्क्रैच लगाने की बात को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट की।

- मामला स्मृति नगर चौकी का, जमकर हुआ था विवाद

**जुर्म दर्ज किया गया है**

आरक्षक की शिकायत पर चेतन चंदेल और उनके साथियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। संगठन के लोग पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का दबाव बना रहे थे। डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों के बीच हुए विवाद में दोनों पक्षों की शिकायत मिली थी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की गई।

-सत्य प्रकाश तिवारी,
सीएसपी भिलाई नगर

## बीटकॉईन में निवेश का झांसा देकर 7.50 लाख की ठगी गिरफ्तार



**भिलाई।** बीटकाईन का झांसा देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिक्षक नगर दुर्ग निवासी देवकी सोनकर ने शिकायत किया कि आरोपी चंगोराभाठा रायपुर निवासी पीलादास मानिकपुरी द्वारा बीटकॉईन में निवेश कर प्रतिमाह 12 से 13 प्रतिशत लाभ दिलाने का झांसे में आकर अलग-अलग समय में कुल 7.50 लाख रुपये नगद एवं यूपीआई माध्यम से रकम दिया गया। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी पीलादास मानिकपुरी को चिन्हित कर रायपुर से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उसके पास से मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के निवेश, ऑनलाइन ट्रेडिंग, अधिक लाभ के प्रलोभन में आने से पूर्व संबंधित संस्था एवं व्यक्ति की सत्यता की जांच अवश्य करें।

# ऑटो मोबाइल कारोबारी के साथ 20 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आटो मोबाइल कंपनी को साइबर ठगों ने निशाना बनाकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि साईराम व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर यश बत्रा हैं। उनकी कंपनी के शोरूम दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव में संचालित हैं। कंपनी के संचालन में उनके पिता श्रीचंद बत्रा,मां ज्योति बत्रा भी इनमें डायरेक्टर हैं। कंपनी के सभी ब्रांचों का लेनदेन की जिम्मेदारी 13 साल से अकाउंटेंट मेष पटेल करते आ रहें है। कंपनी के डायरेक्टर और अकाउंटेंट के बीच भुगतान,रकम ट्रांसफर को लेकर एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बना हुआ है। किसी भी पेमेंट से पहले डायरेक्टरों की मंजूरी ली जाती थी। यश बत्रा के पिता श्रीचंद बत्रा अपनी बहन से मिलने ऑस्ट्रेलिया गए थे। 21 मई की दोपहर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से अकाउंटेंट मेष पटेल को मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज आया। उस नंबर में श्रीचंद बत्रा की फोटो और डीपी लगी हुई थी। मैसेज में एक एचडीएफसी बैंक खाते की जानकारी भेजी गई। कंपनी के एसबीआई अकाउंट में बेनिफिशियरी के रूप में जोड़ने कहा गया। अकाउंटेंट ने मैसेज भेजने वाले से पूछा कि क्या इस खाते को साईराम व्हील्स के अकाउंट में जोड़ना है। सामने वाले ने खुद को डायरेक्टर बताते हुए हां कह दिया। इसके बाद 20 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। अकाउंटेंट ने कंपनी डायरेक्टर का आदेश मानते हुए कंपनी के एसबीआई करंट अकाउंट से एचडीएफसी के खाते में 20 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। दोबारा ठग का कॉल आने पर उसने 48 लाख रुपए ट्रांसफर करने को कहा तब अकाउंटेंट ने यश बत्रा से जानकारी ली। यश ने तुरंत अपने पिता श्रीचंद बत्रा से फोन पर बात की। तब पता चला कि उन्होंने किसी तरह के पेमेंट के लिए नहीं कहा था। परेशान होकर शिकायत पुलिस से किया गया।

- सुपेला पुलिस ने दर्ज किया अपराध, की जा रही जांच

## अंचल की खबरें

### श्रद्धांजलि सभा में याद किए गए विनोद बाबू



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हनोदा स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़-उड़ीसा जोन के संरक्षक, युगऋषि के समर्पित साधक एवं प्रखर वक्ता स्व. कृष्ण कुमार विनोद बाबू की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालक देवी प्रसाद साहू ने बताया कि ग्राम हनोदा व आसपास के क्षेत्र में गायत्री परिवार की स्थापना एवं परिजनों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत दुर्ग सभापति श्रद्धा साहू, ग्राम सरपंच लक्ष्मी साहू, उपसरपंच प्रकाश पटेल, गायत्री परिवार दुर्ग के जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक समन्वयक डॉ. एन.के. सिन्हा, वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. सी.एल. साहू, विकास चंद्राकर, गोवर्धन साहू, राधेश्याम साहू, फुदुकराम साहू, मन्नूलाल साहू, गिरधर साहू, टीकम चंद्राकर, विमल साहू, प्रेमलाल साहू, बुद्धेश्वर साहू, विक्की साहू, रमाकांत देशमुख, रमेश्वर निषाद, टेमन साहू, दानेश्वर यादव, राजेश साहू, राकेश साहू, परमानंद चंद्राकर, खिलेश चंद्राकर, यामिनी चंद्राकर, गीतांजली साहू, राजकुमार साहू, ईश्वरी पटेल, मन्नू पटेल, देवी प्रसाद साहू, प्रज्ञानंद साहू, भेषराम पटेल, राहुल साहू, अरुण बघेल, बसंती कुंभकार, मधुबाला चंद्राकर एवं जागृति चंद्राकर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### आश्रम के बच्चों संग बांटी खुशियां



**सेलुद।** ग्राम रूही के पूर्व सरपंच सुरेश सिंगौर एवं ईश्वरी सिंगौर के पुत्र युवा समाजसेवी राजा सिंगौर ने अपना जन्मदिन रायपुर स्थित सेवा भारती मातृ छाया आश्रम में बच्चों के साथ मनाकर समाज सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर राजा सिंगौर ने आश्रम में रहने वाले बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा बच्चों को मिठाई और विभिन्न उपहार वितरित किए। बच्चों के बीच पहुंचकर उन्होंने उनसे आत्मीय मुलाकात की और खुशियां साझा कीं।

### काव्य मंच पर गूंजा विरेन्द्र का स्वर



**पाटन।** विमतारा रायपुर में हुए अंतरराष्ट्रीय काव्य समारोह में "बस्तर नक्सलवाद मुक्त" साझा काव्य संग्रह का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि अमेरिका से आई कवयित्री डॉ. अनिता कपूर थी। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की। आयोजन के संयोजक डॉ. सुधीर शर्मा थे। वहीं जय जोहार साहित्य समिति की अध्यक्ष सीमा निगम की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर देश-विदेश के कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का काव्य पाठ किया। जिसमें प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार साहू की रचनाओं को भी सराहना मिली। इस दौरान विरेन्द्र कुमार साहू के काव्य संग्रह "नक्सलवाद मुक्त बस्तर"का विमोचन भी किया गया। पुस्तक में देश-विदेश के रचनाकारों की रचनाओं के माध्यम से शांति, विकास एवं नक्सलवाद मुक्त बस्तर की परिकल्पना को सशक्त स्वर प्रदान किया गया है।


## बिजनेस साइट

# सहेली अलंकरण मेगा ऑफर को मिला अच्छा रिस्पांस





**भिलाई।** ज्वेलरी शोरूम सहेली अलंकरण ने अपनी 34वीं वर्षगांठ के अवसर पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। इस विशेष सेलिब्रेशन ऑफर में गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग व लेबर चार्ज में विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही पुराने सोने के एक्सचेंज पर 101 प्रतिशत तक का लाभ और हर खरीदारी पर मुफ्त इंश्योरेंस सुविधा भी ग्राहकों को मिलेगी। भिलाई के ज्वेलरी बाजार में इन दिनों खरीदारी का माहौल गर्म है। शहर के प्रसिद्ध ज्वेलरी ब्रांड सहेली अलंकरण ने अपनी स्थापना के 34 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ग्राहकों के लिए मेगा ऑफर्स पेश किए हैं। सीमित अवधि के लिए शुरू की गई इस विशेष स्कीम में गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहकों को कई आकर्षक लाभ दिए जा रहे हैं। सहेली अलंकरण ने ग्राहकों को पुराने सोने के एक्सचेंज पर 101 प्रतिशत तक का विशेष लाभ देने की भी घोषणा की है। इसके अलावा डायमंड ज्वेलरी के लेबर चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। संस्थान की ओर से हर ज्वेलरी खरीद पर आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के माध्यम से मुफ्त इंश्योरेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष ऑफर भिलाई स्थित आकाश गंगा, सुपेला और जवाहर मार्केट, पावर हाउस शाखाओं में उपलब्ध रहेगा।

## जानकारी के अभाव में बिगड़ता है हेपेटाइटिस रोग : डॉ. एचसी अग्रवाल



**भिलाई।** प्रसिद्ध वायरोरिसर्च के संचालक डॉ. एच.सी. अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग ने लीवर (यकृत) की बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लीवर और हेपाटाईटिस की बीमारी दोनों अलग-अलग हैं, जबकि लोग इसे एक ही समझते हैं। हेपाटाईटिस एक वायरस जन्य रोग है जबकि लीवर रसायनिक प्रक्रिया (केमिकल कम्पाउण्ड) के कारण होता है। जानकारी के अभाव नें लोग लीवर के टेस्ट कराते हैं तो वो स्वस्थ पाया जाता है और पता चलता है कि उसे हेपाटाईटिस है। ऐसे में कई बार मरीज की जान तक जा सकती है। हेपाटाईटिस अगर बिगड़ जाता है तो वो सीधे लीवर को संक्रमित करता है। उन्होंने वायरस के बारे में बताया कि वायरस एक तत्व है जीव नहीं ये सिर्फ आयुर्वेद के रस रसायन के द्वारा जड़ से खत्म किया जा सकता है।

## इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के डॉ. सोनवानी अध्यक्ष

**भिलाई।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की सहयोगी संस्था इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन तीन दशकों से स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आनंद बिरादर, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ प्रभारी अंतिम जैन जी के अनुशंसा पर भिलाई-दुर्ग के अलावा पूरे छत्तीसगढ़ में स्टेट कन्वीनर के रूप में विगत 12 वर्षों से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में सतत कार्य करने वाले अनेक नेचुरोपैथी और योग के निशुल्क शिविर आयोजित करने वाले समाजसेवी डॉ. मनोज ठाकरे को इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ का महासचिव तथा योग गुरु और प्राकृतिक चिकित्सा थेरेपी के वरिष्ठ डॉक्टर छगनलाल सोनवानी रायपुर को आईएनओ छत्तीसगढ़ संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रमुख आदित्य टंडन, सह प्रमुख प्रशांत क्षीरसागर ने बताया कि डॉ. छगनलाल सोनवानी और डॉ. मनोज ठाकरे के नेतृत्व में निश्चित ही प्राकृतिक चिकित्सा तथा योग को शहरों-गावों तक पहुंचाया जाएगा। इस नियुक्ति पर संगठन के वरिष्ठ उद्यमी संरक्षक उमेश चितलांगिया, डॉ. प्रणेश गुरु गोस्वामी, संस्कृति सिंह, डॉ. निर्मल गुप्ता, डॉ. प्रमोद नामदेव, डॉ. अमरनाथ दुबे आदि ने हर्ष जताया।


## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि उम्दा पीएम आवास स्थित किराना दुकान में अवैध रूप से शराब बेचा जा रहा है। पुलिस टीम पहुंची और आदर्श नगर भाठापारा चरौदा निवास रज्जाक मोहम्म कों पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने बोरी में रखे 36 पौवा शोले मसाला देशी शराब जब्त किया। जिसकी कीमत 3600 रुपये आंकी गई है।

## विधायक ललित चन्द्राकर ने किया शुभारंभ

# मोबाइल फॉरेंसिक वैन की आधुनिक तकनीक से होगी अपराध की त्वरित और वैज्ञानिक जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सेक्टर-4, भिलाई स्थित बीएसपी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पुलिस को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक चंद्राकर ने कहा कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन के शुभारंभ से अपराधों की जांच प्रक्रिया और अधिक वैज्ञानिक, त्वरित और प्रभावी होगी। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह वैन घटनास्थल पर ही साक्ष्यों के संकलन और परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे अपराधों के शीघ्र निराकरण में सहायता मिलेगी और दोषियों को जल्द सजा दिलाना संभव होगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि पुलिस स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से जनता की मित्र बने। यह वैन उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम में दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, दुर्ग संभाग आईजी अभिषेक शांडिल्य, प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज ताम्रकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर सहित बड़ी संख्या में पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




जल प्रकृति का अनमोल उपहार है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व पानी के बिना संभव नहीं है। मनुष्य, पशु-पक्षी और पेड़-पौधे सभी जल पर निर्भर हैं। आज बढ़ती जनसंख्या और पानी की बर्बादी के कारण जल संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पानी की एक-एक बूंद का महत्व समझे और जल संरक्षण के लिए जागरूक बने।

## जल बचाओ, जीवन बचाओ



जल प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है। इसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है। मनुष्य, पशु, पेड़-पौधे सभी जल पर निर्भर हैं। पृथ्वी पर जीवन का आधार जल ही है। आज जल की कमी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। लोग पानी का अत्यधिक दुरुपयोग कर रहे हैं। नदियाँ और तालाब भी प्रदूषित हो रहे हैं। यदि समय रहते हम नहीं जागे तो संकट बढ़ जाएगा। हमें जल का महत्व समझना चाहिए। जल बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है।



**रायसिंह ढिकोला**
महामंत्री (संगठन प्रभारी)
जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर




## जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाएं

पानी का सही उपयोग करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हम प्रतिदिन अनेक कार्यों में पानी का उपयोग करते हैं। लेकिन कई बार हम अनजाने में पानी बर्बाद कर देते हैं। गाड़ियों को पाइप से धोने के बजाय बाल्टी का प्रयोग करना चाहिए। कपड़े धोते समय भी पानी बचाना चाहिए। खेतों में आधुनिक सिंचाई तकनीक अपनानी चाहिए। हर बूंद की कीमत समझनी चाहिए। मानवता की सेवा है।





**जल कार्य प्रभारी**
नगर पालिक निगम भिलाई
एम.आई.सी. मेम्बर जल कार्य
**केशव चौबे**

## जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहायें




आज कई देशों में जल संकट एक बड़ी समस्या बन चुका है। बढ़ती आबादी और प्रदूषण के कारण पानी की कमी हो रही है। लोग भूजल का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं। नदियां और तालाब भी सूखते जा रहे हैं। इस समस्या का समाधान जल संरक्षण में है। हमें पेड़ लगाने चाहिए और वर्षा जल संचयन करना चाहिए। उद्योगों के गंदे पानी को नदियों में नहीं छोड़ना चाहिए। हर घर में पानी बचाने की आदत डालनी चाहिए। स्कूलों में जल संरक्षण की शिक्षा दी जानी चाहिए। यदि सभी लोग मिलकर प्रयास करें, तो जल संकट को रोका जा सकता है।



**प्रकाश सांखला**
दुर्ग जिला भाजपा
व्यापार प्रकोष्ठ
संयोजक

## जल बचाओ, जीवन बचाओ



पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार है। हर जीव के जीवन में जल का विशेष महत्व होता है। बिना पानी के खेती संभव नहीं है और भोजन भी नहीं मिल सकता। आज शहरों और गांवों में जल संकट बढ़ता जा रहा है। इसका मुख्य कारण पानी की बर्बादी है। हमें जरूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करना चाहिए। नदियों और तालाबों को साफ रखना चाहिए। वर्षा के पानी को संग्रहित करना चाहिए। बच्चों को भी पानी बचाने की शिक्षा देनी चाहिए। यदि जल सुरक्षित रहेगा तो भविष्य सुरक्षित रहेगा।



**संजय कोहले**
नेता प्रतिपक्ष
नगर निगम दुर्ग

प्रकृति ने मनुष्य को अनेक अनमोल उपहार दिए हैं, जिनमें जल सबसे महत्वपूर्ण है। जल के बिना पृथ्वी पर किसी भी जीव का अस्तित्व संभव नहीं है। हमारे शरीर का अधिकांश भाग पानी से बना है। भोजन उत्पादन से लेकर उद्योगों तक और घरेलू उपयोग से लेकर पर्यावरण संतुलन तक हर क्षेत्र में जल की अहम भूमिका है। इसीलिए कहा जाता है कि "जल ही जीवन है।"

प्राचीन समय में नदियां, तालाब, कुएं और झरने जल के मुख्य स्रोत हुआ करते थे। उस समय लोग पानी का सीमित और सावधानीपूर्वक उपयोग करते थे। लेकिन आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती जनसंख्या के कारण पानी की मांग तेजी से बढ़ी है। आज लोग बिना सोचे-समझे पानी की बर्बादी कर रहे हैं। कई स्थानों पर नल खुले रहते हैं, खेतों में जरूरत से ज्यादा पानी बहाया जाता है और उद्योगों से निकलने वाला गंदा पानी नदियों को प्रदूषित कर रहा है।

जल की बर्बादी का सबसे बड़ा प्रभाव भूजल स्तर पर पड़ रहा है। लगातार पानी निकालने से धरती के अंदर का जल स्तर नीचे जा रहा है। गांवों और शहरों में कई हैंडपंप और कुएं सूख चुके हैं। गर्मियों में लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यह स्थिति आने वाले समय के लिए गंभीर चेतावनी है।

जल संकट केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया की चिंता बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों के अनुसार भविष्य में पानी को लेकर बड़े संकट उत्पन्न हो सकते हैं। यदि अभी से जल संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को पीने के लिए स्वच्छ पानी भी उपलब्ध नहीं होगा। जल संरक्षण के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाने होंगे। जैसे ब्रश करते समय नल बंद रखना, गाड़ी धोने में पाइप की जगह बाल्टी का उपयोग करना और कपड़े धोते समय जरूरत के अनुसार पानी इस्तेमाल करना। वर्षा जल संचयन भी जल बचाने का एक प्रभावी तरीका है। बारिश के पानी को एकत्र करके हम भूजल स्तर बढ़ा सकते हैं और भविष्य के लिए पानी सुरक्षित रख सकते हैं।

खेती में भी आधुनिक सिंचाई तकनीकों का उपयोग जरूरी है। टपक सिंचाई और स्प्रिंकलर प्रणाली से पानी की काफी बचत होती है। इसके अलावा पेड़-पौधे लगाने से वर्षा बढ़ती है और पर्यावरण संतुलित रहता है। जंगलों की कटाई रोकना भी जल संरक्षण के लिए आवश्यक है।

सरकार द्वारा भी जल संरक्षण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। जब तक आम जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक जल संकट की समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकती। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

हमें यह समझना होगा कि जल केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाले कल की सुरक्षा भी है। पानी की हर बूंद अनमोल है। यदि हम आज जल बचाएंगे, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा। इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि जल को व्यर्थ नहीं बहाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे।

जल जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। वर्तमान समय में जल संरक्षण एक सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी बन चुका है। यदि हम सभी मिलकर पानी बचाने का प्रयास करें, तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। सच ही कहा गया है– "जल है तो कल है।"



## जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहायें

जल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। मनुष्य, पशु, पक्षी और पेड़-पौधे सभी को जीवित रहने के लिए जल की आवश्यकता होती है। हमें पीने, खाना बनाने, खेती करने और साफ-सफाई के लिए पानी चाहिए। आज कई जगहों पर पानी की कमी बढ़ती जा रही है।



**श्रीमती लीना दिनेश देवांगन**
पार्षद एवं प्रभारी, जलकार्य समिति न.पा.नि. दुर्ग

## जल संरक्षण की आवश्यकता

आज दुनिया में पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। कई क्षेत्रों में लोग पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका कारण जल का गलत उपयोग और प्रदूषण है। हमें जल संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए।

गर्मी के मौसम में पक्षियों और जानवरों को पानी की बहुत आवश्यकता होती है। तेज धूप के कारण तालाब और छोटे जल स्रोत सूख जाते हैं। ऐसे समय में हमें उनके लिए मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रखना चाहिए। मिट्टी के बर्तन का पानी ठंडा और स्वच्छ रहता है। इससे पक्षियों और जानवरों को राहत मिलती है।

यह एक अच्छा और मानवता से भरा कार्य है। हमें अपने घर की छत, आंगन या पेड़ के नीचे पानी का बर्तन रखना चाहिए। रोजाना पानी बदलना भी जरूरी है ताकि पानी साफ रहे। इससे जीव-जंतुओं की प्यास बुझती है और उनका जीवन सुरक्षित रहता है। सभी लोगों को इस नेक कार्य में भाग लेना चाहिए।






**संजीत विश्वकर्मा**
प्रदेश संगठन मंत्री एवं
संभाग प्रभारी
आम आदमी पार्टी (छ.ग.)

## जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहायें




हम सभी को पानी बचाने का संकल्प लेना चाहिए। जल प्रकृति की सबसे बड़ी देन है। इसका सही उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम बहुत सारा पानी बचा सकते हैं। जैसे नल खुला न छोड़ना और जरूरत के अनुसार पानी उपयोग करना। बच्चों को भी जल संरक्षण की शिक्षा देनी चाहिए। गांव और शहर दोनों जगह जल बचाने के अभियान चलाने चाहिए। पेड़ लगाने से जल स्रोत सुरक्षित रहते हैं। हर व्यक्ति को पानी की कीमत समझनी चाहिए। यदि हम आज पानी बचाएंगे, तभी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेंगी।

### भीषण गर्मी को देखते हुए HMGM ने किया नांद वितरण




**लोकेश पाण्डेय** पूर्व जिला महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE One with the Sun
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.) 9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY